सौभाग्य · saubhagya.net · आसान गाइड

नमूना मतपत्र / EVM कैसे बनाएँ

मतदाताओं को समझाने के लिए — "आपका चिन्ह इस क्रम पर है"। पंचायत समिति / ज़िला परिषद की EVM मुफ़्त · पंच / सरपंच का मतपत्र ₹20

शुरू करने के लिए:

मोबाइल के Chrome में

saubhagya.net

👉 खोलिए और यह बटन दबाइए: **नमूना मतपत्र / EVM**

सिर्फ़

अपने

उम्मीदवार का नाम, क्रम संख्या और कुल उम्मीदवारों की संख्या चाहिए — बाकी उम्मीदवारों के नाम नहीं भरने पड़ते।

1. जानकारी भरना

1. **नमूना मतपत्र / EVM** दबाइए — नमूना मतपत्र का पेज खुलेगा।
2. **पद चुनिए: सरपंच** (मतपत्र · सफ़ेद) / **पंच** (मतपत्र · गुलाबी) / **पंचायत समिति सदस्य** (EVM) / **ज़िला परिषद सदस्य** (EVM)।
3. **उम्मीदवार का नाम** लिखिए (जो नमूने पर छपेगा)।
4. **क्रम संख्या** लिखिए — मतपत्र / EVM में आपका उम्मीदवार किस नंबर पर है (रिटर्निंग अधिकारी की अंतिम सूची से)।
5. **कुल उम्मीदवार** लिखिए — NOTA को मत गिनिए, वह अपने-आप आख़िर में जुड़ जाता है।
6. **क्षेत्र** चुनिए: ज़िला → पंचायत समिति → ग्राम पंचायत → वार्ड (पंच) या क्षेत्र संख्या (पं.स. / ज़ि.प.)। "क्षेत्र का नाम" अपने-आप भर जाता है — चाहें तो सुधार लीजिए।
7. **आपका चुनाव चिन्ह** चुनिए (सूची से)। चाहें तो "बाकी उम्मीदवारों के चिन्ह भी छापें" या "सिर्फ़ मेरा चिन्ह" चुन सकते हैं — बाकी चिन्ह मतपत्र पर तय क्रम से अपने-आप आते हैं, नाम नहीं भरने पड़ते।
8. **👁 पहले नमूना देखिए** दबाकर मुफ़्त में देख लीजिए कैसा बनेगा (इसमें नाम की जगह "आपके द्वारा उपलब्ध करवाया गया नाम" और चिन्ह की जगह खाली गोला दिखता है; असली PDF में आपका नाम व चिन्ह छपेंगे)।

2. EVM (पंचायत समिति / ज़िला परिषद) — मुफ़्त

1. **नमूना PDF बनाइए (मुफ़्त)** दबाइए — PDF बनते ही **नई टैब में खुल** जाएगी (न दिखे तो पेज पर "PDF खोलें / प्रिंट करें" दबाइए)। न नंबर, न पैसा।

3. मतपत्र (पंच / सरपंच) — ₹20

1. **आपका WhatsApp नंबर** लिखिए — भुगतान का लिंक, मतपत्र की PDF और बिल इसी पर आएँगे।
2. **₹20 भुगतान कर PDF पाइए** दबाइए — ऑर्डर नंबर और भुगतान का बटन / QR आएगा; ज़्यादातर मोबाइल पर PhonePe अपने-आप खुल जाता है।
3. PhonePe / Google Pay / Paytm / कार्ड — किसी से ₹20 दे दीजिए। (पेज न खुले तो QR स्कैन करके ₹20 भेज दीजिए।)
4. भुगतान होते ही **1 पेज की PDF** (एक पेज पर 2 नमूने) और बिल WhatsApp पर और उसी पेज पर आ जाएँगे।

4. प्रिंट

1. **A4 · आड़ा (Landscape) · Actual size / 100%** पर प्रिंट कीजिए (Fit to page नहीं)।
2. बीच की बिंदीदार रेखा पर काटिए — हर पेज से 2 नमूने, चारों ओर बराबर जगह के साथ।

नमूना बनने के बाद उसी पेज पर "वोटर पर्ची PDF" और "पर्ची का मुफ़्त नमूना" के बटन हैं — आपकी भरी जानकारी (क्षेत्र · नाम · क्रम) उन पेजों पर अपने-आप भर जाती है।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

क्रम संख्या / कुल उम्मीदवार कहाँ से पता चलेंगे?

नामांकन वापसी के बाद रिटर्निंग अधिकारी जो अंतिम सूची लगाते हैं, उसी क्रम से मतपत्र / EVM बनती है — वही क्रम और गिनती भरिए।

पैसा दे दिया, पर PDF नहीं आई?

5–10 मिनट रुकिए; फिर ऑर्डर नंबर और भुगतान का स्क्रीनशॉट हमें WhatsApp कीजिए।

मदद चाहिए? कॉल या WhatsApp कीजिए

99833 33119

ऑर्डर नंबर (VS....) ज़रूर लिखिए